**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे**

**''मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला से 22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को 13 दिवसीय भ्रमण पर किया रवाना।
- 8 सौ 28 मैगावाट क्षमता की 22 नई जल विद्युत परियोजनाओं का आबंटन करेगी राज्य सरकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर गारंटियों के विपरीत कार्य करने का लगाया आरोप–कहा– आर्थिक स्थिति सुधारने के बजाए बिगाड़ने का काम कर रही सरकार।
- मौसम विभाग ने 4 जनवरी से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जबकि निचले क्षेत्रों में वर्षा का पूर्वानुमान जताया।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से 22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को 13 दिवसीय भ्रमण पर रवाना किया। इनमें 16 लड़कियां और 6 लड़के शामिल हैं। इन 22 बच्चों को चंडीगढ़, दिल्ली और गोवा के भ्रमण पर भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों की वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाई और उन्हें इस भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी।

डिस्पैचः– मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश के 6 हजार अनाथ बच्चों को कानून बनाकर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है। उन्होंने आज शिमला से 22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को चण्डीगढ़ दिल्ली व गोवा भ्रमण पर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनाथ बच्चों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना लागू की गई है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार की ये एक सराहनीय पहल है और अनाथ बच्चों की हर जरूरत का परिवार की तरह ध्यान रख रही है।

इस दौरान कृषि मंत्री चन्द्र कुमार, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

**जल विद्युत परियोजना**

प्रदेश सरकार 22 नई जल विद्युत परियोजनाओं का आबंटन करने जा रही है, जिनकी कुल विद्युत क्षमता 8 सौ 28 मेगावाट है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि इन परियोजनाओं में 6 दशमलव 5 मेगावाट से लेकर 4 सौ मेगावाट तक की परियोजनाएं शामिल है। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं कुल्लू, चम्बा, किन्नौर, लाहौल–स्पीति और शिमला जिलों

में चिन्हित की गई हैं, जिनमें सबसे अधिक 5 सौ 95 मेगावाट क्षमता की नौ परियोजनाएं चिनाव नदी बेसिन, एक सौ 69 मेगावाट क्षमता की आठ परियोजनाएं सतलुज नदी बेसिन, 55 मेगावाट की क्षमता की चार परियोजनाएं रावी जबकि नौ मेगावाट क्षमता की एक परियोजना ब्यास बेसिन में लगाना प्रस्तावित है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली बार इन परियोजनाओं को देश के अन्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों व केन्द्रीय उपक्रमों को 10 लाख प्रति मेगावाट अपफ्रंट प्रीमियम के आधार पर 40 वर्ष के लिए आबंटित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में ऊर्जा निदेशालय द्वारा सभी राज्य के सचिवों व केन्द्रीय उपक्रमों को पत्र भी भेजा गया है।

**भेंट**

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को शॉल और हिमाचली टोपी से सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और कृषि मंत्री चंद्र कुमार भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

**विधानसभा अध्यक्ष**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चंबा जिला में पुलिस थाना सिहुंता और उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय चुवाड़ी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार के दृष्टिगत पुलिस विभाग को सुदृढ किया जा रहा है। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात क्षेत्र की सीमा पड़ोसी राज्य पंजाब और जम्मू कश्मीर के साथ लगती है ऐसे में सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के अलावा मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग को सुदृढ़ करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुवाड़ी सिंहुता में मिनी सचिवालय भवनों का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा नहीं कर पा रही है, ऐसे में मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र देना चाहिए। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि 3 सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने की गारंटी वाले अब स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी छोडने की बात कर रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में 26 लाख बिजली उपभोक्ता है जिनमें से घरेलू उपभोक्ताओं को एक 25 यूनिट बिजली सब्सिडी भाजपा सरकार के समय से दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दो साल में नए–नए टैक्स लगाए हैं और आर्थिक स्थिति को सुधारने के बजाए बिगाड़ने का ही काम किया है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दोपहर बाद से हल्के बादल छाए रहे। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों सहित निचले मैदानी इलाकों में लोगों को सुबह शाम कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 4

जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की सम्भावना है।

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान निचले मैदानी क्षेत्रों में कोहरे व शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया है।

**कार्निवाल**

शिमला में आज विंटर कार्निवाल फिर से शुरू हो गया है जो 8 जनवरी तक चलेगा। सात दिन के राष्ट्रीय शोक के चलते कार्निवाल को स्थगित किया गया था। आज की सांस्कृतिक संध्या में मशहूर पंजाबी गायक सतिंदर सरताज अपनी प्रस्तुति से लोगों का मनोरंजन करेंगे।

दूसरी ओर कुल्लू के ढालपुर में भी आज से 6 जनवरी तक कुल्लू कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण ने बताया कि कार्निवाल में लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही सभी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

**आयुष्मान भारत**

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब 70 साल या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का 5 लाख रुपए तक का उपचार मुफ्त होगा। चंबा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बिपिन ठाकुर ने बताया कि 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की अधिसूचना सरकार द्वारा जारी कर दी गई है।

इस बीच वरिष्ठ नागरिकों ने भी भारत सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे एक सराहनीय कदम बताया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला से 22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को 13 दिवसीय भ्रमण पर किया रवाना।
- 8 सौ 28 मैगावाट क्षमता की 22 नई जल विद्युत परियोजनाओं का आबंटन करेगी राज्य सरकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर गारंटियों के विपरीत कार्य करने का लगाया आरोप–कहा– आर्थिक स्थिति सुधारने के बजाए बिगाड़ने का काम कर रही सरकार।
- मौसम विभाग ने 4 जनवरी से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जबकि निचले क्षेत्रों में वर्षा का पूर्वानुमान जताया।